THE AIR FORCE SCHOOL
CLASS III HINDI HW WORKSHEET
SUBMISSION DATE: 8 AUGUST 2014

अपठित गद्यांश

हमारे देश के झंडे में तीन रंग हैं, इसलिए इसे 'तिरंगा' कहा जाता है । तिरंगे में सबसे ऊपर केसरिया रंग है । वह बलिदान का रंग है । बीच में सफ़ेद रंग है, जो शांति का प्रतीक है । सबसे नीचे हरा रंग हरियाली व उन्नति का प्रतीक है । इसके बीच में एक चक्र है, जिसे 'अशोक चक्र' कहते हैं । वह हमें कहता है, 'चलते रहो... रुको मत' । जब भी हम खेलों में या युद्ध में जीतते हैं, तो हमारे देश का नाम ऊँचा होता है, तब खुश होकर हम तिरंगा लहराते हैं । 15 अगस्त और 26 जनवरी को तिरंगा फहराया जाता है । 15 अगस्त को प्रधानमंत्री लालकिले पर इसे फहराते हैं । तिरंगा हमारे देश की शान है । यह हमें प्राणों से भी प्यारा है । हम इसे प्रणाम करते हैं ।

प्रश्न 1. भारत के राष्ट्रीय झंडे को क्या कहते हैं ?

उत्तर- --

प्रश्न 2. हमारे राष्ट्रीय झंडे में कितने रंग हैं ?

उत्तर- --

प्रश्न 3. अशोक चक्र क्या संदेश देता है ?

उत्तर- --

प्रश्न 4. लालकिले पर झंडा कौन फहराता है ?

उत्तर- --

प्रश्न 5. हम खुशी में झंडा कब फहराते हैं ?

उत्तर- --